आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 25.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों के उत्तराखंड में क्रियान्वयन की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।
- पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को आज सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए नजरिये में मूलभूत बदलाव करने पर बल दिया।
- राज्यपाल ने राजभवन से प्रदेश के 80 सरकारी विद्यालयों के लिए डिजिटल शिक्षण सामग्री के एक विशेष वाहन को रवाना किया।

समीक्षा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीन नये आपराधिक कानून नागरिक अधिकारों के संरक्षक और सुगम न्याय का आधार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये कानून पीड़ित और नागरिक केन्द्रित हैं। इन्हें तुरंत कार्यान्वित किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने उत्तराखंड में तीन नये आपराधिक कानून के कार्यान्वयन की समीक्षा करने संबंधी नई दिल्ली में कल एक बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान गृह मंत्री ने तीन नए आपराधिक कानूनों की उत्तराखंड में क्रियान्वयन में की गई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों और त्वरित क्रियान्वयन की प्रशंसा की। इस बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गृह सचिव गोविंद मोहन, उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार इन कानूनों को लागू करने के लिए तेजी से कार्य कर रही है।

जयंती

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। अटल जी की जयंती को देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल प्रशासक, महान राजनीतिज्ञ, लोकप्रिय जन नेता और बेहतरीन वक्ता थे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने इस अवसर पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सुशासन दिवस पर राज्यपाल ने कहा कि

सुशासन किसी भी देश के विकास की आधारशिला है, जो सरकार की पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन को सुनिश्चित करता है। राज्यपाल ने सुशासन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए युवाओं और नागरिकों से आह्वान किया कि वे अटल जी के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर सुशासन की दिशा में सक्रिय योगदान दें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी के लिए राष्ट्रहित हमेशा सर्वोपरि था। वे उत्तराखंड राज्य के निर्माता थे, जिन्होंने न केवल राज्य के गठन का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि उसके विकास के लिए ठोस आधार भी तैयार किया।

## शीतकालीन चारधाम यात्रा

उत्तराखंड में चारधाम शीतकालीन यात्रा इस समय सुचारू रूप से जारी है। अब तक पांच हजार से अधिक श्रद्धालु चारधाम के शीतकालीन गद्दीस्थलों के दर्शन कर चुके हैं, और यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। बदरी केदार मंदिर समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय थपलियाल ने बताया कि यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाकर शीतकालीन यात्रा को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय थपलियाल ने कहा कि गढ़वाल मंडल विकास निगम के अतिथि गृहों में ठहरने पर पच्चीस प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, मंदिर समिति के गेस्ट हाउस भी श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्थाओं के साथ और बहुत ही कम कीमत पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि सभी श्रद्धालु आराम से यात्रा कर सकें।

## विचार–विमर्श

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए नजरिये में बुनियादी बदलाव पर बल दिया है। उन्होंने कल नई दिल्ली में नीति आयोग में आम बजट 2025–26 की तैयारी के सिलसिले में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विचारकों के समूह के साथ विचार–विमर्श में यह बात कही। यह बैठक वैश्विक अनिश्चितता के समय भारत की विकास गति को बनाए रखने संबंधी विषय पर आयोजित की गई। प्रधानमंत्री ने व्यवहारिक विचार देने वाले वक्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस बैठक में शामिल अर्थशास्त्रियों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इनमें वैश्विक आर्थिक अनिश्चित से उपजी चुनौतियों तथा भू–राजनीतिक तनावों से निपटना तथा युवाओं में रोजगार के अवसर को बढ़ाने की रणनीति बनाना शामिल है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के सतत अवसर सृजित करना तथा रोजगार बाजार की उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम की रणनीति तैयार करना भी शामिल है। इस बैठक में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और सतत ग्रामीण रोजगार के अवसर सृचित करने पर भी चर्चा की गई।

विशेष शिक्षा वाहन रवाना

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राजभवन से प्रदेश के 80 सरकारी विद्यालयों के लिए डिजिटल शिक्षण सामग्री के एक विशेष वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड मानव सेवा समिति द्वारा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से किया गया था। राज्यपाल ने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका भविष्य और उज्जवल होगा। खासकर पर्वतीय और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए यह कदम शैक्षिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने शिक्षकों को वर्चुअल कक्षाओं के माध्यम से अपने शिक्षण में और प्रभावशीलता लाने की सलाह दी।

राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेज़बानी करने जा रहा है, जो 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित होंगे। खेल प्रतियोगिताएं राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित की जाएंगी, जिनमें प्रमुख रूप से हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, ऊधमसिंह नगर और अल्मोड़ा में शामिल हैं। राष्ट्रीय ओलंपिक संघ के सचिव डी. के. सिंह ने बताया कि इस बार हरिद्वार में हॉकी, कबड्डी और कुश्ती की प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं, ऋषिकेश और टिहरी में जल खेलों की मेज़बानी की जाएगी। राष्ट्रीय खेलों के संयोजक महेश जोशी ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी मानकों का पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे राष्ट्रीय खेलों में अपनी श्रेष्ठता साबित कर सकें।

मिशन वात्सल्य योजना

चमोली के जिलाधिकारी ने जिले में शून्य से 18 वर्ष तक के निराश्रित, गरीब, दिव्यांग और शोषण से पीड़ित बच्चों को मिशन वात्सल्य योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इस योजना के तहत बच्चों को हर माह चार हजार रुपये की सहायता दी जाती है। जिला प्रशासन ने कहा है कि यदि कोई शोषित, दिव्यांग या अनाथ बच्चा किसी के ध्यान में आता है, तो उसे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर कॉल करके तुरंत संरक्षण प्रदान किया जा सकता है।

समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट के कार्यक्रम की ख़बर सभी समाचार पत्रों में हैं। अमर उजाला लिखता है— 23 फरवरी को दुबई में भिडेंगे भारत और पाकिस्तान, भारत फाइनल में पहुंचा तो मुकाबला दुबई में, नही ंतो लाहौर में।

उत्तराखंड में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समीक्षा की। इस ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र अमित शाह के हवाले से लिखता है– ऑनलाइन सुविधांए बढ़ाने से सुलभ होगा न्याय।

गांवों में निवासरत बुजुर्गों के दुख–दर्द दूर करेगा प्रवासी सेल। इस सुर्खी के साथ दैनिक जागरण लिखता है– आईजी गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप ने शुरू किया सेल, हेल्पालइन नंबर 7302110210 पर संपर्क करने पर मिलेगी मदद।

वहीं, एक अन्य ख़बर पर दैनिक जागरण राजधानी पृष्ठ पर प्रमुखता से लिखता है– भानियावाला से ऋषिकेश तक फोरलेन का रास्ता साफ। एन.एच.ए.आई को वन भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति मिली, सालभर से लटका था मामला, इस मार्ग पर यातायात का दबाव बढा।